# स्तूप पर योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रायसेन में जगह-जगह हुआ योग



**नवभारत न्यूज**

**रायसेन,21जून. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विश्व प्रसिद्ध सांची स्तूप पहाड़ी पर रविवार सुबह सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**

उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष जसवंत सिंह मीणा, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत कमल सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया. इस अवसर पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है. योग न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि अनेक बीमारियों से बचाव में भी सहायक है. उन्होंने लोगों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया. भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन योग करना आवश्यक है. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए लोगों से योग अपनाने की अपील की.इस दौरान स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का जन्मदिन भी मनाया गया. भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूली बच्चों और नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं. श्री शर्मा ने मंच पर मंत्री पटेल का चुनरी और गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, विद्यार्थी और मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे.

### न्यायिक अधिकारियों ने किया योगाभ्यास

रायसेन. जिला न्यायाधीश अनिल कुमार सोहाने के मार्गदर्शन में विश्व योग दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में योग शिविर में न्यायाधीश, अधिवक्ता, कर्मचारी एवं पैरालीगल वालेंटियर्स ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया. कार्यक्रम में कई न्यायिक अधिकारी शामिल हुए. जिला जेल में भी ऑनलाइन योग शिविर का आयोजन किया गया.

### सांची विश्वविद्यालय में हुआ योगाभ्यास



सलामतपुर. स्थित साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. योग एवं आयुर्वेद विभाग के छात्रों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने 45 मिनट के योग प्रोटोकॉल के तहत योगासन, प्राणायाम, ध्यान और विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास किया. ताड़ासन, मकरासन, वज्रासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, त्रिकोणासन और शवासन सहित कई आसनों का प्रदर्शन किया गया. विभाग द्वारा नेचुरोपैथी, पंचकर्म, त्राटक और शिरोधारा का भी प्रस्तुतिकरण किया गया. विभागाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री ने कहा कि योग एक संपूर्ण जीवन-पद्धति है और इसका पूरा लाभ तभी मिलता है जब इसे समग्र रूप से अपनाया जाए. उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय जल्द ही पंचकर्म, शिरोधारा और नेचुरोपैथी सेवाएं शुरू करेगा.

### योग शरीर का सुरक्षा कवच : नपाध्यक्ष लोधी



**बेगमगंज.** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय मैदान में सामूहिक योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष संदीप लोधी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अजय जाट और राजेंद्र श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. योगाचार्य सुषमा व्यास एवं दशरथ सिंह ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम कराए. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग शरीर का सुरक्षा कवच है, जो अनेक बीमारियों से बचाव कर स्वस्थ जीवन प्रदान करता है. उन्होंने नियमित योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने और स्वस्थ समाज निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया.



## एनएच-146 पर टायर फटने से अनियंत्रित हुआ ट्रक

**सलामतपुर.** भोपाल-विदिशा-सागर मार्ग (एनएच-146) पर आमखेड़ा स्थित सांची तहसील कार्यालय के सामने रविवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया. विदिशा से भोपाल की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गया. हादसे में ट्रक के अगले पहिए भी क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन चालक ने सूझबूझ और सतर्कता का परिचय देते हुए वाहन पर नियंत्रण बनाए रखा, जिससे ट्रक पलटने से बच गया और कोई जनहानि नहीं हुई. घटना के समय हाईवे पर वाहनों की आवाजाही जारी थी. यदि ट्रक पलट जाता या किसी अन्य वाहन से टकरा जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था.

# श्रीराम लला एवं हनुमत का प्रतिष्ठा कार्यक्रम

- जीवन में सत्य, धर्म और सदाचार पर डाला प्रकाश



**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज,21जून.नया बस स्टैंड के पीछे स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम महायज्ञ एवं हनुमत प्रतिष्ठा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर यज्ञाचार्य कथा व्यास पं. कमलेश कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कथा वचन करते हुए जीवन में सत्य, धर्म और सदाचार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला.**

उन्होंने कहा कि सत्य ही सृष्टि का आधार है और इसी के पालन से जीवन संतुलित एवं सार्थक बनता है.उन्होंने उपनिषदों के मंत्र 'असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय' का उल्लेख करते हुए इसे मानव जीवन का दिव्य मार्गदर्शक बताया. कथा में उन्होंने कहा कि असत्य से सत्य की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर और मृत्यु से अमरत्व की ओर बढ़ना ही मानव जीवन का परम उद्देश्य है. कार्यक्रम में यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यज्ञ मानव जीवन को पवित्र बनाता है और समाज में सद्भाव एवं सकारात्मकता का संचार करता है. कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा. मंदिर परिसर में श्रीराम महायज्ञ एवं हनुमत प्रतिष्ठा अनुष्ठान विधिवत रूप से आरंभ हुआ.

> कथा व्यास ने कहा कि अज्ञान ही जीवन का सबसे बड़ा अंधकार है, जिसे ज्ञान, स्वाध्याय और सत्संग के माध्यम से दूर किया जा सकता है. उन्होंने यह भी कहा कि सत्याचरण से ही आत्मोन्नति संभव है और यही मोक्ष का मार्ग है. मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन को आदर्श बताते हुए उन्होंने उनके सत्यनिष्ठ आचरण को अपनाने की प्रेरणा दी.

# तीन माह से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

## अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों के घेराव की चेतावनी



**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 21जून.ग्राम पंचायत मबई के कंजेला, उमरहरी और देवरी सहित आसपास के गांवों की करीब 3,000 आबादी पिछले तीन महीनों से भीषण जलसंकट का सामना कर रही है.**

ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है. गांवों के सरकारी कुएं सूख चुके हैं, जबकि दो हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े हैं और उनका संधारण नहीं किया गया है.

ग्रामीणों के अनुसार, नल-जल योजना के तहत तीन वर्ष पहले पाइपलाइन बिछाई गई थी और पानी की टंकी का निर्माण भी शुरू हुआ था, लेकिन ठेकेदार अधूरा काम छोड़कर चला गया. टंकी के केवल पिलर खड़े हैं, जबकि योजना आज तक पूरी नहीं हो सकी है.पानी की कमी के कारण ग्रामीणों को 3 से 5 किलोमीटर दूर खेतों के कुओं से पानी लाना पड़ रहा है. सक्षम लोग बैलगाड़ी और मोटरसाइकिल से पानी ढो रहे हैं, जबकि महिलाएं सिर पर पानी भरकर लाने को मजबूर हैं. जलस्रोतों पर रोजाना लंबी कतारें लग रही हैं और पानी भरने को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है.

## 18 सूत्रीय मांगों को लेकर हिंदू युवा संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**रायसेन.** शहर के भोपाल-सागर तिराहा स्थित कामधेनु परिसर में रविवार को हिंदू युवा संगठन के बैनर तले जनजागरण एवं जनआंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन किया गया. संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिले से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रशासन को सौंपा. प्रदर्शन के बाद तहसीलदार भरत सिंह ने ज्ञापन प्राप्त किया.संगठन ने जनसेवा हॉस्पिटल में कथित आयुष्मान घोटाले की जांच कर आयुष्मान सुविधा समाप्त करने तथा राशि वसूली की मांग की. जिले में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने और शराब दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की.

# बाल सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित





**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 20जून. महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत बाल सुरक्षा एवं बच्चों की समस्याओं को समझने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में बच्चों की भावनात्मक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विशेष चर्चा की गई.विशेषज्ञों ने बताया कि बच्चों के व्यवहार, मानसिक स्थिति और स्वास्थ्य में आने वाले बदलावों को समय रहते समझकर सही मार्गदर्शन देना आवश्यक है.

कार्यक्रम में बालिकाओं और अभिभावकों को गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा, बाल संरक्षण कानून, शिक्षा का महत्व और आत्मविश्वास बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी गई.

इस अवसर पर कार्यक्रम के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बच्चे एवं उनकी माताएं उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, जागरूक और सशक्त बनाना रहा.

# 23 दिनों में विवाह के17 मुहूर्त

- ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़े शादी समारोह की तैयारियां
- स्थानीय व्यापारी बाजार में ग्राहकी पर दे रहे जोर

**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी, 21जून. अधिक मास के कारण पिछले एक माह से मांगलिक कार्यों पर लगा विराम अब समाप्त हो गया है. इसके साथ ही विवाह समारोहों का दौर एक बार फिर शुरू हो गया है.**

इस बार विवाह सीजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि 19 जून से 11 जुलाई तक मात्र 23 दिनों में विवाह के 17 प्रमुख मुहूर्त उपलब्ध हैं. सीमित समय में अधिक विवाह होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में शादी समारोहों की तैयारियां तेज हो गई हैं, जिससे मैरिज गार्डन, बैंड-बाजा, कैटरिंग, टेंट और लाइट डेकोरेशन व्यवसाय से जुड़े लोगों की मांग बढ़ गई है. वर्षाकाल होने के बावजूद इस बार शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह आयोजनों की संख्या अधिक देखने को मिल रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बुकिंग होने से आयोजन से जुड़े व्यवसायियों के पास काम की भरमार है. वहीं बाजार में भी लग्नसरा सीजन का असर साफ दिखाई दे रहा है. लग्नसरा सीजन शुरू होते ही शहर के प्रमुख बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है. कपड़ा, रेडीमेड, किराना, मनिहारी, बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकानों पर खरीदारों की अच्छी खासी भीड़ जुट रही है.

# मंत्री पटेल ने किया संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण



**नवभारत न्यूज**

**रायसेन,21जून. मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने रविवार को बरेली तहसील मुख्यालय पर 22 लाख रुपये की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया. इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक मौजूद रहे.**

इस मौके पर स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल ने कहा कि बरेली में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के खुलने से आम लोगों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा.

संजीवनी क्लीनिक पर लोगों को दवाइयाँ और उपचार आसानी से उपलब्ध होगा, जिससे मरीजों को काफी हद तक लाभ पहुंचेगा.बताया गया कि बरेली नगर के वार्ड क्रमांक-2 में 22 लाख रुपये की लागत से निर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण किया गया है.

इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक लोगों ने स्वास्थ्य राज्य मंत्री पटेल का आभार व्यक्त किया.

# अस्पताल में मरीजों को फल बांटे



**नवभारत न्यूज**

**उदयपुरा, 21 जून. मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का जन्मदिवस उदयपुरा में मनाया गया.**

इस अवसर पर मंत्री पटेल फैंस क्लब एवं युवा समाजसेवी अमित राय की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण किया गया तथा खिचड़ी सेवा भी की गई. साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया.

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मंत्री पटेल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे जनता के बीच रहकर समस्याओं के समाधान में विश्वास रखते हैं.

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेंद्र सिंह राजपूत, जिला महामंत्री केशव पटेल, मंडल अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. महेंद्र धाकड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे.

# स्वस्थ, जागरूक और विकसित भारत की आधारशिला है योग

- भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने किया उत्साहवर्धन



**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी,21जून. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के सेठ अमरचंद समैया शासकीय सांदीपनि विद्यालय में सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, समाजसेवियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि योग स्वस्थ, जागरूक और विकसित भारत की आधारशिला है. योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और चिंतन की जीवंत परंपरा है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का कार्य करती है. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना है. योग का अर्थ है जुड़ना और यह प्रसन्नता का विषय है कि योग ने पूरे विश्व को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है. वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करें योग, रहें निरोग का संदेश देते हुए सभी को नियमित योग अपनाने की प्रेरणा दी.

> कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन का वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण भी दिखाया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज 12वीं बार विश्वभर के लोग एक साथ 21 जून को योग कर रहे हैं.

# कैलाशधाम में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

## नगर में आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज**

**गैरतगंज, 21जून. तहसील क्षेत्र के धनगवां रोड स्थित कैलाश धाम द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में 16 जून से चल रहा नौ दिवसीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग स्थापना महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है.आगामी 23 जून को मंदिर में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी.**

इस अवसर पर 22 जून, सोमवार को दोपहर 1 बजे आशुतोष भगवान की भव्य नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली जाएगी. आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है. महायज्ञ में 23 यजमान प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान कर रहे हैं.

नौ दिवसीय महायज्ञ की पूर्णाहुति 24 जून को होगी, जिसके बाद ब्राह्मण विदाई एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाएगा. यह धार्मिक आयोजन परमहंस संत ब्रह्मलीन स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज की प्रेरणा एवं संत गिरीशानंद महाराज (खपड़िया वाले बाबा) के सान्निध्य में संपन्न हो रहा है.

**प्री-मानसून** | नालियां नहीं बनने से कई लोगों के घरों में पानी भरा

# सीजन की पहली तेज बारिश से शहर तर-बतर



**नवभारत न्यूज**

**रायसेन,21जून. रविवार को जिला मुख्यालय रायसेन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हुई प्री-मानसून की लंबे समय तक चली पहली बारिश ने शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी.**

दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई अचानक तेज बारिश ने लोगों को परेशान कर दिया.रविवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण दुकानदार काफी परेशान नजर आए. कई घरों में पानी भर जाने से लोग इधर-उधर भटकते दिखे. रायसेन का साप्ताहिक बाजार भी बारिश के कारण प्रभावित हुआ. तेज बारिश को देखकर दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई और वे अपना सामान समेटकर जाते नजर आए. मानसून की पहली बारिश में ही शहर की सड़कों पर पानी ही पानी नजर आया. गली-मोहल्लों में कई जगहों पर बारिश के कारण गड्ढे भी उजागर हो गए. कई कॉलोनियों में बारिश से पहले नालियों की सफाई न होने और नालियों के निर्माण न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बहता दिखाई दिया.

> शहर के नागरिकों ने जिला प्रशासन, नगर पालिका परिषद के अधिकारियों से शीघ्र ही सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करने, मोहल्लों में नालियों की सफाई करने और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है. कई मोहल्लों में स्थिति यह है कि नालियां न होने के कारण बीच सड़कों पर ही पानी भर जाता है.

## मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**गैरतगंज.** रविवार देर शाम थाना प्रांगण में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता एसडीएम हर्षल चौधरी एवं एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने की. अधिकारियों ने सभी से पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की. थाना प्रभारी डीपी लोहिया ने शांतिपूर्ण जुलूस निकालने और डीजे पर उन्मादपूर्ण गीत न बजाने के निर्देश दिए. बैठक में तहसीलदार नरेश सिंह राजपूत, नगर परिषद उपाध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे.

# सिलवानी में मनाया गया किसान उत्सव दिवस

- पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किश्त जारी



**नवभारत न्यूज**

**सिलवानी,21जून. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त जारी होने के अवसर पर कृषि उपज मंडी सिलवानी में पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

किसानों को योजना के लाभ एवं सरकार की किसान हितैषी नीतियों की जानकारी दी गई.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आर्थिक सशक्तता का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी है. केंद्र सरकार किसानों के कल्याण एवं कृषि विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है. पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली से आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त जारी की। देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ की राशि सीधे हस्तांतरित की गई.